वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता

इटावा, 08 अप्रैल | खेलकूद शिक्षा का एक आवश्यक अंग है , खेलकूद से छात्र जीवन में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और जागरूकता उत्पन्न होती है अतः मानव जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्व है, अध्ययन और खेलकूद के मध्य सामंजस्य से छात्र जीवन समग्र रूप से विकसित होता है,जनता कॉलेज बकेवर की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का विभिन्न क्रीड़ा आयोजनों के साथ #मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया | वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता कार्यक्रम कालेज प्रबंधकारिणी के सेक्रेटरी श्री अरविंद कुमार मिश्र, कालेज प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी , मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय , क्रीड़ा अधीक्षक डॉ ज्योति भदौरिया , सह क्रीड़ा प्रभारी डॉ योगेश शुक्ला , क्रीड़ा सहायक श्रीमती मीनू त्रिपाठी , सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी एवं संचालक डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा के निर्देशन में हुआ | क्रीड़ा अधीक्षका डॉ ज्योति भदोरिया द्वारा उपस्थित प्रबंध समिति सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्रा एवं मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी सहित समस्त आगंतुकों और कालेज परिवार का कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आभार व्यक्त किया गया |

क्रीड़ा समारोह में पूर्व छात्र चैंपियन राधामोहन एम एस_सी प्रथम वर्ष भौतिक विज्ञान एवं शिवानी बीएससी तृतीय वर्ष द्वारा मसाल सेरेमनी के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया , गोला फेंक छात्रा प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी बीकॉम तृतीय वर्ष, द्वितीय निशा बीएससी द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय कु काजल बीकॉम द्वितीय वर्ष रही |दो सौ मीटर छात्रा दौड़ में नीतू बीएससी द्वितीय सेमेस्टर प्रथम, शुभी भदौरिया द्वितीय बी कॉम द्वितीय , कु. निशा बीएससी द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही | सौ मीटर छात्र दौड़ में मयंक त्रिपाठी बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर प्रथम , आशीष भदौरिया बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर दूसरे स्थान पर तथा राधामोहन एमएससी प्रथम वर्ष भौतिक विज्ञान तृतीय स्थान पर रहे |छात्रों की दो सौ मीटर दौड़ में मयंक त्रिपाठी बीकॉम द्वितीय वर्ष प्रथम, आशीष भदोरिया बीकॉम द्वितीय वर्ष द्वितीय तथा पीयूष गुप्ता बीएससी कृषि तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे| लंबी कूद में राधा मोहन यादव एमएससी प्रथम वर्ष भौतिक विज्ञान प्रथम , धीरज सिंह बीएससी द्वितीय सेमेस्टर कंप्यूटर द्वितीय तथा ऋषभ मिश्रा बीएससी द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे| चक्का फेंक प्रतियोगिता में गायत्री एवं पूनम बीएससी द्वितीय वर्ष संयुक्त रूप से प्रथम ,शुभी बी कॉम द्वितीय वर्ष द्वितीय तथा निशा बीएससी द्वितीय तृतीय स्थान पर रही| छात्रों की गोला फेंक प्रतियोगिता में शुभी भदोरिया बीकॉम द्वितीय वर्ष प्रथम, स्वाति पाल बी कॉम प्रथम वर्ष द्वितीय तथा शिवानी बीएससी द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान पर रही |शिक्षक बॉल थ्रो में उद्यान विभाग के डॉ आनंद सिंह प्रथम , गणित विभाग के सत्यार्थ मौर्या द्वितीय तथा कॉमर्स संकाय के प्रभारी डॉ योगेश शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे |भाला फेंक छात्रा प्रतियोगिता में नीतू प्रथम, गायत्री द्वितीय तथा शिवानी तृतीय स्थान पर रही |त्रिकूद में राधा मोहन प्रथम , ऋषभ मिश्रा द्वितीय एवं मुकेश तृतीय स्थान पर रहे |सौ मीटर कर्मचारी दौड़ में अनुज कुमार प्रथम ,संदीप कुमार द्वितीय और अनुपम शर्मा तृतीय स्थान पर रहे| छात्रा लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम शिवानी, द्वितीय मुस्कान तथा तृतीय रूप से अनन्या एवं नीतू संयुक्त रूप से तृतीय

स्थान पर रहे| शिक्षिका सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर श्रीमती रत्ना शुक्ला , द्वितीय स्थान पर डॉ शैली यादव एवं तृतीय स्थान पर इरम सलीम रही|

अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा इस बार के चैंपियन छात्र राधा मोहन यादव एमएससी प्रथम वर्ष भौतिक विज्ञान एवं छात्रा शिवानी बीकॉम तृतीय वर्ष तथा शुभी भदौरिया बीकॉम द्वितीय वर्ष संयुक्त रुप से घोषित किए गए, इसके साथ ही क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हुआ|

कार्यक्रम में डॉ महेश प्रसाद यादव , डॉ प्रमोद कुमार राजपूत ,डॉ महिपाल सिंह, डॉ देव नारायण सिंह, डा0 ललित गुप्ता, प्रो. ब्रह्मानंद, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ मनोज यादव, क्रीड़ा प्रभारी डॉ ज्योति भदोरिया , सह क्रीडा अधीक्षक डॉ योगेश शुक्ला , डॉ इंदु बाला मिश्रा , डॉ प्रकाश दुबे , डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा, पुस्तकालय अधीक्षक श्री रामदास वर्मा , नवीन अवस्थी, डॉ आनंद सिंह, डॉ अभिषेक सिंह , डॉ संजय विश्वकर्मा , अरविंद चौधरी ,क्रीडा सहायक श्रीमती मीनू त्रिपाठी , अजित अग्निहोत्री,कुलदीप अवस्थी, अश्वनी कुमार मिश्र ,अजय शर्मा, आकाश चौधरी आदि कॉलेज परिवार की उपस्थिति रही |कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दिव्य ज्योति मिश्र द्वारा किया गया|

PUMA